भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1839
10 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए

स्पेशलिटी स्टील के लिए पीएलआई योजना से लाभान्वित गुजरात की इस्पात कंपनियां

1839. श्री धवल लक्ष्मणभाई पटेलः

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गुजरात में उन इस्पात कंपनियों का ब्यौरा और कुल संख्या कितनी है, जिन्होंने स्पेशलिटी स्टील के लिए उत्पादन चआधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत आवेदन किया है या लाभ प्राप्त किया है;

(ख) निवेश जुटाने और अब तक चालू हुई परियोजनाओं सहित इन पीएलआई परियोजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है; और

(ग) इन परियोजनाओं से कितना रोजगार सृजन अपेक्षित है और विशेषकर वापी जैसे औद्योगिक समूहों में स्थानीय युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)

(क) से (ग): विशेष इस्पात के लिए उत्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत गुजरात की तीन कंपनियां भाग ले रही हैं। इन भाग लेने वाली कंपनियों ने पीएलआई योजना के तहत 4,824 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। अब तक एक कंपनी ने अपनी परियोजना शुरू कर दी है। इन कंपनियों द्वारा पीएलआई योजना के तहत कुल 1,943 लोगों को रोजगार देने का संकल्प लिया गया है।

*****